BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 06 अप्रैल, 2024 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना कोतवाली नगर**

गौकशी करने वाले बदमाशों से थाना कोतवाली नगर पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 02 बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, पशु काटने के औजार व चोरी की एक बाइक बरामद।

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 05/06.04.2024 की रात्रि में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ईडन गार्डन के पास संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग में मामूर थी तभी एक बाइक पर आ रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया तो नहीं रुके और पीछे बैठे व्यक्ति ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की तथा आवास विकास की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा करते हुए कंट्रोलरुम को सूचना दी गयी। इस सूचना पर चौकी प्रभारी आवास विकास मय पुलिस टीम के संदिग्धों की घेराबंदी की गयी तो पुलिस से घिरता देख बदमाशों ने अपनी मोटरसाइकिल काली नदी के पुल के पास कच्चे रास्ते पर मोड़ दी जिसका पीछा पुलिस टीम द्वारा किया गया तभी बदमाशों की मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गयी। अपने आप को पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम की आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 02 बदमाश गोली लगने से घायल हो गये, जिनको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाशों की पहचान **1. मौहम्मद आसिफ उर्फ आसिम उर्फ कासिम पुत्र शमीम उर्फ बिल्ला निवासी ग्राम कमालपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर 2. जमशेद पुत्र छोटन निवासी ग्राम अकबरपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर के रूप में हुई है।** घायल बदमाशों को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भेजा गया है। उल्लेखनिय है कि उक्त बदमाश शातिर किस्म के गौकश अपराधी हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. मौहम्मद आसिफ उर्फ आसिम उर्फ कासिम पुत्र शमीम उर्फ बिल्ला निवासी ग्राम कमालपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर
2. जमशेद पुत्र छोटन निवासी ग्राम अकबरपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1- 02 तमंचा 315 बोर, 03 जिंदा, 02 खोखा।

2- 01 स्पेलण्डर बाइक (बिना नम्बर)

4- पशु काटने के औजार।

अभियुक्तो की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर मुअसं 275/24 धारा 307,34,414 भादवि व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

अभियुक्त मौहम्मद आसिफ उर्फ आसिम उर्फ कासिम का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं-926/23 धारा 379/411 भादवि व 3/4/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

2- मुअसं-147/22 धारा 307 भादवि थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर।

3- मुअसं-225/22 धारा 307 भादवि थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर।

4- मुअसं-226/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर।

5- मुअसं-275/24 धारा 307,34,414 भादवि व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त जमशेद का आपराधिक इतिहास-

1- मुअस 15/18 धारा 3/5ए/8 गौवध नि0 अधि0 व 3/11 पशु क्रूरता अधि0 थाना अरनियां जनपद बुलन्दशहर।

2- मुअस 233/19 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

3- मुअसं-275/24 धारा 307,34,414 भादवि व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- श्री अनिल कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर।

2- निरीक्षक श्री सलाउद्दीन थाना कोतवाली नगर।

3- उ0नि0 श्री शैलेन्द्र कुमार सोलंकी, उ0नि0 श्री सोनू बाबू, है0का0 मौ0 शाहिद, है0का0 महकार सिंह, है0का0 असजद, का0 पंकज कुमार, का0 साबिर।

मीडिया सेल बुलंदशहर